>

Title : Need to open three additional CGHS dispensaries in Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर में पांच आयुध निर्माणीयों के अतिरिक्त सी.ओ.डी., 506 आर्मी बेस वर्कशाप एवं एम.ई.एस. जैसे बड़े सुरक्षा संस्थान जिनमें कार्यरत कर्मचारियों की संख्या लगभग 5 हजार तथा पेंशनर्स की संख्या लगभग 30 हजार है। पूर्व से चल रही सी.जी.एच.एस की तीन डिस्पेंसरियों की संख्या नहीं बढ़ी, किंतु लाभार्थियों की संख्या तीन गुना बढ़ चुकी है। फलस्वरूप सेवारत तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य लाभ करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इन कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकार की है। गत् लोक सभा में मेरे प्रश्न व पत्र के उत्तर में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने बताया था कि संसाधनों की कमी के कारण सी.जी.एच.एस के नेटवर्क में विस्तार संभव नहीं है, लेकिन सुविधा से छूटे हुए क्षेत्रों में कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। किंतु, अभी तक ऐसा नहीं हो सका है, जिसके कारण जबलपुर में रहने वाले हजारों केन्द्रीय कर्मचारी व पेंशनर्स सी.जी.एच.एस की सुविधा से वंचित है। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कम से कम तीन सी.जी.एच.एस. डिस्पेंसरी जबलपुर में और खोली जायें तथा सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शीघ्र प्रारंभ की जाये।